हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 14, अंक : 03 | पटना, मंगलवार, 18 फरवरी, 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक बजट: भूपेंद्र यादव

**पटना।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने हाल ही में पेश केंद्रीय बजट 2025-2026 की तारीफ करते हुए इसे एक ऐतिहासिक बजट कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया गया है। बिहार भाजपा और बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा केंद्रीय बजट पर आयोजित एक परिचर्चा में भाग लेने के बाद बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस बजट के माध्यम से किसान अन्न धन योजना के तहत काम उपज वाले जिलों पर ध्यान दिया गया, वहीं दूसरी ओर एमएसएमई सेक्टर के विशेष विकास का भी ध्यान रखा गया। हमारे देश की स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए 200 जिलों में इसी वर्ष और आने वाले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में डे केयर कैंसर अस्पताल के प्रावधान किए गए हैं, जिसके दूरगामी प्रभाव पड़ने वाले हैं। इस प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव देश में फ्यूचर तकनीक और मेडिकल के विकास को देखते हुए नए आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाना, मेडिकल के यूजी और पीजी के 10 हजार सीटें बढ़ाना और आने वाले पांच सालों में 75 हजार सीटें बढ़ाना, यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि यह सरकार लंबे विजन के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बजट में विशेष रूप से जहां कृषि के लिए दलहन, कपास के क्षेत्र में तथा फलों और फूलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए जहां विशेष प्रावधान किए गए हैं, वहीं बिहार में सेंटर फॉर एक्सीलेंस की बात की गई है और मखाना बोर्ड की भी बात की गई है। बिहार में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के विस्तार की बात की गई है और पिछले 10 सालों में जो बढ़िया कनेक्टिविटी देखते हैं, वह मोदी सरकार में किए गए कार्यों का परिणाम है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 80 के दशक में कंप्यूटर क्रांति, 2000 में डिजिटल क्रांति आई, लेकिन आने वाले 20 वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्रांति आने वाली है। मनुष्य विकास की संभावनाओं को और आगे ले जाने वाला है। मशीन लर्निंग जैसी व्यवस्था से हम सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयामों को छूने वाले हैं। इस बजट में भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति के भविष्य रूपी संभावनाओं का सूत्रपात किया गया है। एमएसएमई क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए निवेश की व्यवस्था की गई है। बजट में सीमांत इलाकों के लिए भी स्वनिधि योजना की भी बात कही गई है। इस मौके पर उन्होंने जननायक कपूर्री ठाकुर को भी याद किया। उन्होंने उनकी पुण्यतिथि के मौके पर नमन करते हुए कहा कि मोदी के विजन में पिछड़े वर्ग के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं। यह बजट कृषि क्षेत्र की उत्पादकता की वृद्धि के लिए है, यह बजट एमएसएमई की योजनाओं को बूस्ट देने के लिए, यह बजट स्वास्थ्य की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए, देश के नए नवाचारों को लाने के लिए है। यह बजट मध्यम वर्ग को 12 लाख तक इनकम टैक्स में रिबेट दी गई है, यह बड़ी क्रांति है। यह बजट एक मील का पत्थर साबित होगा। इस बीच, एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अब बजट में बिहार को कई सौगात दी गई हैं।

## मुख्यमंत्री ने भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**पटना।** भारत रत्न जननायक स्व० कपूर्री ठाकुर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कपूर्री ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री-सह-कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, विधायक श्री कुमार शैलेन्द्र, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री रामकृपाल यादव, जननायक स्व० कपूर्री ठाकुर के परिजन, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी भारत रत्न जननायक स्व० कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, श्रीमती रचना पाटिल, पटना के जिलाधिकारी डॉ० चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई तथा भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित गीत, भजन-कीर्तन एवं निर्गुण गीत की प्रस्तुति की गई।



## पिछले 5 वर्षों में मूल बजट भी नहीं खर्च कर पाई बिहार सरकार : डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**पटना।** बिहार सरकार पिछले पांच वर्षों में मूल बजट भी खर्च नहीं कर पाई है और सरकार अनुपूरक बजट जारी कर दिखावा करने का कुत्सित प्रयास किए जा रही है। व्यय नहीं होने की स्थिति में पैसे वापस लौट जा रहे हैं और जनता को मुगालते में रखकर केंद्र और राज्य साकार अपनी वाहवाही करवा रही है। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष और सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि 2018 से लेकर 2023 तक के बजट के आंकड़ों का अध्ययन करने पर साफ दिखता है कि मूल बजट भी बिहार सरकार खर्च नहीं कर पाती है और वो रकम वापस लौट जाती है। बावजूद इसके हर साल अनुपूरक बजट जारी करने का दिखावा किया



जाता है जिसका सार्थक इस्तेमाल तक राज्य सरकार नहीं कर पाती है। बिहार के आम नागरिकों के साथ ऐसे आंकड़ों को बजट के रूप में पेश करके लगातार छलावा किया जा रहा है और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के नेताओं द्वारा केवल ख्याली पुलाव पकाकर दिवास्वप्न दिखाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि 2022-23 में 66509.62 करोड़ रुपए वापस गए जबकि कुल आवंटित राशि 301686.46 करोड़ रुपए हुए थे जिनका पूरा उपयोग भी बिहार साकार नहीं कर सकी थी। बिहार का विकास करने का दावा करने वाली ये डबल इंजन की एनडीए सरकार समझ ले कि वो बिहार के लोगों की मासूमियत का बेजा फायदा न उठाएं और तथ्यों पर बात करें। बिहार को स्पेशल पैकेज और स्टेटस की बात करने वाले ये समझ जाएं कि उनकी नीति आम बिहारी समझ चुके हैं और इनके कथनी करनी का फर्क भी ये आंकड़े बता रहे हैं। ऐसे में बिहार के लोगों को छलने और ठगने का काम अविलंब नीतीश भाजपा की सरकार को बंद कर देना चाहिए।

## रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता मे कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से संबंधित नए मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किए गए थे। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग श्रीमती वंदना दादेल,



डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी विधि विभाग नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआईजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर मो.नसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई हेतु अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर विचारोपरान्त कुल 37 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कारा महानिरीक्षक झारखंड को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड अवश्य रखें। जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों का जीवन यापन सुचारू रूप से चले इस निमित्त उनके लिए आय सृजन की व्यवस्था करें। रिहा हुए कैदियों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## पलानीस्वामी ने द्रमुक को 2026 में सत्ता से बेदखल करने का लिया संकल्प

**तमिलनाडु।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने रविवार को कहा कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को टक्कर देने और चुनाव जीतने के लिए उनकी पार्टी एक विशाल गठबंधन बनाएगी।

पलानीस्वामी ने प्रदेश में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन पर निशाना साधा। उन्होंने पार्टी की इलैग्यार्गल-इलम पेंगल पासराई शाखा के एक सम्मेलन में एक जनसभा को



संबोधित करते हुए कहा कि द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन कहते हैं कि राज्य में उनकी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के घटक दलों की एक ही विचारधारा हैं। पलानीस्वामी ने कहा, ऐसी स्थिति में अलग-अलग पार्टियों की क्या जरूरत है? सभी पार्टियों का द्रमुक में विलय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक के संबंध में चुनावी गठबंधन और विचारधारा दो अलग-अलग चीजें हैं तथा गठबंधन केवल चुनाव जीतने के लिए वोटों के विभाजन को रोकने के लिए होते हैं। महासचिव ने कहा, 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अन्नाद्रमुक की अगुआई में एक विशाल गठबंधन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने इस तरह के चुनावी गठबंधन की वकालत की है ताकि अन्नाद्रमुक चुनाव जीतकर अगली सरकार बना सके। पलानीस्वामी ने कहा कि उनकी मांग को स्वीकार करते हुए, शक्तिशाली विजयी गठबंधन बनाया जाएगा।

## मैसूरु में एक ही परिवार के चार लोग मृत पाए गए

**मैसूरु।** कर्नाटक के मैसूरु में एक घर में सोमवार को एक परिवार के चार लोग मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना शहर के विश्वेश्वरैया नगर में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान चेतन (45), उनकी पत्नी रूपाली (43), उनके बेटे कुशाल (15) और चेतन की मां प्रियंवदा (62) के रूप में हुई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि संदेह है कि चेतन ने अपने परिवार के सदस्यों को जहर दिया और फिर खुद फांसी लगा ली। हालांकि, उनकी मौत के सही कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।



आज केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान ने संयुक्त अरब अमीरात में नेतृत्व शिखर सम्मेलन में मुख्य भाषण दिया। श्री चिराग ने अपने भाषण में, इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है, निवेश को प्रोत्साहित कर रहा है, और भविष्य में तैयार खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी को एकीकृत कर रहा है। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## नवादा में एनडीए का दिखा चट्टानी एकता, एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में घटक दलों के अध्यक्षों ने कहा 'विकसित बिहार एनडीए सरकार की प्राथमिकता'

**पटना।** एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के चौथे चरण में आज एनडीए घटक दलों के अध्यक्ष नवादा पहुंचे। नवादा के इस सम्मेलन में घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने कार्यकताओं को एकजुटता की बात करते हुए कहा कि बिहार अब विकसित बिहार बनने की राह पर चल पड़ा है। कार्यकताओं ने 225 सीटों पर जीत दर्ज कराने का भरोसा दिलाया।

इस एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सभी ने कार्यकताओं को एकजुट रहने की अपील की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कहा कि अभी तक जितने भी जिलों में कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया है, वह सफल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का यह कार्यकर्ता सम्मेलन भले ही सम्मेलन दिख रहा हो, लेकिन सही अर्थों में कार्यकताओं का यह जुटान बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एलान है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मानसिकता साफ परिलक्षित कर रही है कि आने वाले चुनाव में एनडीए की सरकार बनेगी और फिर बिहार का विकास अनवरत चलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि आज प्रयाग में महाकुंभ की उत्तम व्यवस्था हो या अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण, नालंदा में नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हो, देश की विरासत को नई पहचान मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नए राष्ट्र निर्माण का अर्थ भी यही है कि हम अपनी संस्कृति और विरासत को सम्मान दें। विकास में इन सभी



चीजों को आगे बढ़ाना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने विरोधियों का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का विरोध करते-करते वे अब सनातन का विरोध करने लगे हैं। आज महाकुंभ में देश और विदेश के 50 करोड़ से ज्यादा लोग पवित्र स्नान कर चुके हैं, लेकिन कुछ नेताओं को यह रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें वसुधैव कुटुम्बकम नहीं, अपने परिवार से मतलब है। वे भले सामाजिक न्याय की बात करते हों, लेकिन कार्य अपने परिवार का कल्याण का ही करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि फिर बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी और विकास अनवरत होता रहेगा। सम्मेलन में आए एनडीए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद काल को बिहार की जनता कभी भूल नहीं सकती। 2005 में बिहार की जनता ने भ्रष्टाचार, कुशासन, अराजकता से तंग आकर एनडीए को चुना था। इसके बाद लगातार बिहार की जनता नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाते आ रही है। जिस सुशासन का सपना यहां के लोगों ने देखा था, एनडीए ने उसे पूरा कर के दिखाया है।

अब बिहार की जनता कभी राजद को सत्ता में नहीं आने देगी। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि विपक्ष भले ही जो भ्रम फैलाने की कोशिश कर ले, लेकिन एनडीए एकजुट है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन इसी का संदेश है कि हम सभी एक हैं। कार्यकताओं का बूथ स्तर पर भी यह एकजुटता दिखनी चाहिए। हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव को लेकर तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए कार्यकताओं का यह उत्साह अभी तो मात्र ट्रेलर है, अभी चुनाव के बाद पूरी फिल्म देखने को मिलेगी जब चुनाव परिणाम के बाद एनडीए की जीत इसी एकजुटता के साथ मनाई जाएगी। रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि इस साल होने वाले चुनाव में हमारा लक्ष्य भले ही 225 सीट हो, लेकिन तय है कि हम इससे ज्यादा सीट लेकर आएंगे और मोदी और नीतीश के देश को विकसित और बिहार को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को पूरा करेंगे।

# सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाएं: परिवहन मंत्री

**पटना।** परिवहन विभाग की ओर से राज्य स्तर पर सोमवार को अधिवेशन भवन में सड़क सुरक्षा अभियान-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन परिवहन विभाग मंत्री, बिहार श्रीमती शीला कुमारी ने मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, डीजीपी, बिहार विनय कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष यूसी मिश्रा, परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात सुधांशु कुमार एवं राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार की उपस्थिति में किया। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आधारित सुगम, सुलभ एवं सुरक्षित परिवहन पर डॉक्यूमेंट्री की प्रस्तुति की गई। इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से परिवहन विभाग, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् एवं संबंधित पणधारी विभागों द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने की दिशा में किये जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों को दिखाया गया है। कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग द्वारा प्रकाशित सड़क सुरक्षा जागरूकतायुक्त डायरी का लोकापर्ण किया गया। इसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न नियमों और प्रावधानों को समेकित किया गया है। अधिवेशन भवन में आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के प्रारंभ में सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया। मंचासीन अतिथि, सभी पदाधिकारी एवं अन्य सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने एवं साथ ही दूसरे को प्रेरित करने और दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की मदद करने में हमेशा अग्रसर रहते हुए एक स्वच्छ-स्वस्थ-सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का शपथ लिया। परिवहन विभाग मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए परिवहन विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हर व्यक्ति से जुड़ा मामला है। सभी की जिम्मेवारी बनती है कि सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाएं। राज्य सरकार सड़क दुर्घटना एवं दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या में कमी लाने के लिए लगातार प्रयासरत है। सभी के संयुक्त प्रयास से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकेगी। मुख्य सचिव, बिहार अमृतलाल मीणा ने




कहा कि परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा की दिशा में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेवारी है। खुद सतर्क रहें एवं दूसरे को भी सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत करें। उन्होंने परिवहन सचिव को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा का शपथ सरकारी सेवकों को अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि उनके परिवार एवं रिश्तेदार भी सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील एवं सतर्क हो सके।

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात थानों का सृजन प्रत्येक जिलों में किया गया है। 2013 से अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात का पद सृजित किये जाने का प्रयास किया जा रहा था जो लगभग 5 साल पूर्व इसे पूर्ण कर लिया गया है।

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए व्यापक रुप से जिलों में जागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

परिवहन तथा पुलिस के प्रवर्तन तंत्रों द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाये जा रहे हैं। इसके साथ ही परिवहन विभाग सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। यातायात उल्लघंनकताओं पर नजर रखने के लिए मोनेटरिंग सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है। जिलों में सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। सड़क दुर्घटना पीड़ित एवं उनके आश्रितों को मुआवजा भुगतान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वैशाली के जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं जिलाधिकारी, बक्सर श्री अंशुल अग्रवाल , एसडीओ शेरघाटी सारा अशरफ को सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा एवं यातायात के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसपी, अरवल डॉ इनामुलहक, एसपी, वैशाली ललित मोहन शर्मा एवं जहानाबाद एसपी श्री अरविंद प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही परिवहन एवं सड़क सुरक्षा जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई एवं ईएसआई को सम्मानित किया गया। सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को मदद करने वाले को गुड सेमेरिटन एवं अन्य क्षेत्रों में मानवीय कार्य करने वाले को भी सम्मानित किया गया।

# भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी के विचार आज भी प्रासंगिक : उपेन्द्र कुशवाहा

**पटना।** देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी कि 37वीं पुण्यतिथि समारोह श्रध्दांजलि सभा के रूप में राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश कार्यालय में मनाई गई ` इस श्रध्दांजलि सभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री भारत सरकार व माननीय सांसद राज्यसभा श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी ने जननायक भारत रत्न स्व० कपूर्री ठाकुर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया` श्रध्दांजलि सभा में श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी ने बताया की भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी के विचार आज भी प्रासंगिक है` इनकी जीवनी से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता रामपुकार सिन्हा ने कहा की इस श्रध्दांजलि सभा में माननीय उपेन्द्र कुशवाहा जी ने पुनः राज्यसभा में उठाई अपनी



बातों को दोहराते हुए कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बिहार के बिहटा में बन रहे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का नाम नाम भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी के नाम पर हो तभी जननायक भारत रत्न कपूर्री ठाकुर जी की सच्ची श्रध्दांजलि होगी` श्रध्दांजलि सभा में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ रणविजय सिंह पूर्व विधान परिषद् सदस्य श्री रामेश्वर महतो, मुख्यालय प्रभारी व प्रदेश महासचिव प्रशांत पंकज, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चौधरी पटेल, मोहन यादव, महासचिव सह प्रवक्ता ई० हेमन्त कुमार, नितिन भारती, प्रदेश महासचिव राम शरण कुशवाहा, डॉ० विरेन्द्र प्रसाद, अनुशुचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम, ओमेन्द्र शर्मा, अंजलि कुशवाहा, माधुरी पटेल, वैजनाथ शर्मा, खुर्शीद अहमद, गंगा पाण्डेय, प्रतिक कुशवाहा, अमित मेहता, कार्यालय सचिव अशोक कुशवाहा, रवि प्रताप कश्यप विनोद पप्पू, सुदामा यादव इत्यादि प्रमुख थे।

# पटना के निकट निमार्णाधीन बिहटा एयरपोर्ट का नाम भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा हो: उपेन्द्र कुशवाहा

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने आज जननायक कपूर्री ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के बाद संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि पटना के निकट निमार्णाधीन बिहटा एयरपोर्ट का नाम भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा किया जाय। श्री कुशवाहा ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं नागरिक उड्डयन मंत्री के0 राममोहन नायडू से मिलकर इस हवाईअड्डा के नामकरण की मांग रखूँगा।




श्री कुशवाहा ने बिहार के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अपील की कि दलगत भावना से ऊपर उठकर इस सुझाव का समर्थन करें ताकि जननायक कपूर्री ठाकुर के व्यक्तित्व की जानकारी पूरे विश्व तक पहुँचे।

श्री कुशवाहा ने जननायक को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सह रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय सिंह, पूर्व विधान पार्षद रामेश्वर महतो, मुख्यालय प्रभारी सह प्रदेश महासचिव प्रशान्त पंकज , प्रदेश महासचिव प्रवक्ता रामपुकार सिन्हा, हेमन्त कुमार एवं नितिन भारती, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 ओमेंद्रनाथ भाष्कर, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन यादव, बसन्त चौधरी पटेल आदि उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने की केंद्र से विशेष सहायता की अपील

**पटना।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने राज्य में पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता की विशेष अपील की है। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित बजट 2025-26 पर चर्चा में भाग लेने आये पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात के दौरान उन्होंने ये अपील की और केंद्र सरकार को एक विस्तृत प्रस्ताव भेजा है, जिसमें विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के लिए अनुदान की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।

केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपने के बाद मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि बिहार में कई महत्वपूर्ण योजनाएं केंद्र सरकार की मंजूरी और राशि विमुक्ति के इंतजार में रुकी हुई हैं। इनमें एकीकृत वन्यजीव पर्यावास विकास योजना (60:40), बाघ परियोजना एवं गज योजना (60:40 एवं 50:50) की अगली किस्त और नगर वन योजना (2024-25) के तहत अररिया वन प्रमंडल में 13.75 हेक्टेयर क्षेत्र में नगर वन विकसित करने के लिए 56.85 लाख रुपये का प्रस्ताव लंबित है।

डॉ प्रेम कुमार ने बताया कि स्कूल नर्सरी योजना के मजदूरी दरों में वृद्धि के बाद 1.40 लाख रुपये का मॉडल एस्टीमेट केंद्र को भेजा गया है। साथ ही नमामि गंगे योजना के तहत गंगा किनारे वनों की बहाली और जल संरक्षण की योजना भी स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। मंत्री ने रजौली (नवादा) वन्यप्राणी आश्रयणी, नकटी पक्षी आश्रयणी (जमुई), अररिया में प्रस्तावित चिड़ियाघर और गया में



गौतम बुद्ध आश्रयणी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की ओर भी केंद्र का ध्यान आकर्षित किया है। ये सभी परियोजनाएं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

डॉ कुमार ने केंद्र को आठ प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावना दर्शाई, जिसके तहत वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण ( ग्रीन क्रेडिट फंड, वृक्षारोपण अभियान और वनों की बहाली के लिए अनुदान।), पारिस्थितिकी एवं जैव विविधता संरक्षण (जलीय पक्षी गणना और संवेदनशील क्षेत्रों के संरक्षण हेतु सहायता।), जल प्रबंधन (जल संसाधनों और आर्द्रभूमियों का संरक्षण।), वन्य जीव संरक्षण (राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों के लिए अनुदान।), वायु गुणवत्ता सुधार (वायु प्रदूषण नियंत्रण और मॉनिटरिंग नेटवर्क की स्थापना।), कचरा प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण (ठोस कचरे और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए सहयोग।), सतत विकास एवं हरित बुनियादी ढांचा (पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं को समर्थन।) और पर्यावरण शिक्षा और जागरूकता (स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरणीय शिक्षा और जनजागरूकता अभियान।) महत्व पूर्ण है।

मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा, ः्बिहार में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। लेकिन राज्य की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए केंद्र सरकार का सहयोग बेहद आवश्यक है।

हमने कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं केंद्र को भेजी हैं, जिनकी मंजूरी मिलने पर राज्य में पर्यावरण संरक्षण को नई गति मिलेगी। उन्होंने आशा जताई कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करेगी और बिहार को वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार क्रिकेट एसोसिएशन का बड़ा फैसला: अब जिला क्रिकेट संघ खुद कर सकेंगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन




**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने जिला क्रिकेट संघों को अधिक स्वायत्तता प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब जिला क्रिकेट संघों के अधिकारी अपने जिले से ही खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। इससे न केवल प्रक्रिया अधिक सरल और सुचारू होगी, बल्कि जिला स्तर पर क्रिकेट प्रशासन को भी मजबूती मिलेगी। आज बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से उ्‌ब्अ द्वारा भेजे गए प्रतिनिधियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का प्रशिक्षण इउअ के दफ्तर में दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद अब जिला क्रिकेट संघों के अधिकारी अपने जिले से ही अपने खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने में सक्षम होंगे। इससे पहले, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए जिला क्रिकेट संघों के अधिकारियों को पटना स्थित इउअ कार्यालय आना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। लेकिन अब इस प्रशिक्षण के बाद, जिला क्रिकेट संघ अपने स्तर पर ही खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सुचारू हो जाएगी। क्रिकेट ऑपरेशन्स मैनेजर ए. के. चंदन ने इस प्रशिक्षण का संचालन किया और जिला क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस निर्णय से बिहार में क्रिकेट प्रशासन की दक्षता बढ़ेगी और जिला स्तर पर खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

### नारायणी-गंगा कॉरिडोर के रूप में केंद्र को भेजा जा रहा एक और ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर का प्रस्ताव : विजय कुमार सिन्हा

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में उत्तर से दक्षिण की ओर संपर्क सुविधा को और बेहतर बनाने की आवश्यकता को देखते हुए केंद्र सरकार से एक नए ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर के तौर पर 'नारायणी-गंगा कॉरिडोर' का प्रस्ताव हम भेजने जा रहे हैं । इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हम केंद्र सरकार से नारायणी-गंगा कॉरिडोर विकसित करने का आग्रह करने जा रहे हैं । इससे राज्य के उत्तर-पश्चिम कोने की सीधी संपर्कता दक्षिण-पश्चिम कोने से हो जाएगी । इससे भोजपुर, सारण, सीवान, गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण जिलों को त्वरित संपर्कता तो हासिल होगी ही साथ ही इसके पार्श्व में सड़कों का नया संजाल विकसित किया जा सकेगा ।श्री सिन्हा ने आगे कहा कि प्रस्तावित कॉरिडोर बगहा (ठल्-727अ) से आरा जिले के पातर की संपर्कता को सुनिश्चित करेगा । इसमें गंडक नदी पर एक नए पुल का प्रस्ताव भी शामिल है । पातर( आरा) में यह कॉरिडोर पटना-आरा-सासाराम हाईस्पीड कॉरिडोर(ठल्-119अ) से जुड़ जाएगा । श्री सिन्हा ने कहा कि अभी आरा और छपरा के बीच अवस्थित गंगा पुल पर अतिव्यस्त यातायात की स्थिति देखी जाती है । जिनमें बड़ी संख्या भारी वाहन शामिल रहते हैं ।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए एडवांटेज सपोर्ट के सचिव खुर्शीद अहमद सम्मानित

**पटना।** पटना यातायात पुलिस के साथ मिलकर गत 11 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए एडवांटेज सपोर्ट के संस्थापक तथा सचिव श्री खुर्शीद अहमद को आज सोमवार 17 फरवरी को पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान 2025 समारोह में बिहार सरकार के परिवहन विभाग की मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री संजय अग्रवाल सचिव परिवहन विभाग, अमृत लाल मीणा बिहार के मुख्य सचिव, विनय कुमार पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), श्री सुधांशु कुमार अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात), डॉ. उदय कांत



मिश्रा उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधक भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में 300 लोग मौजूद थे। पुरस्कार मिलने के बाद श्री अहमद ने कहा कि सड़क हादसों में लगातार मौतों ने मेरे दिल को झकझोर दिया था, इसलिए हमने जनवरी में एडवांटेज सपोर्ट की पहल पर मैं हूं बिहार एडवांटेज डायलॉग एपिसोड-6 सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने का फैसला किया जिसमें हमने पटना यातायात पुलिस से सहयोग मांगा। पटना यातायात पुलिस के साथ मिलकर इस अभियान को पुलिस अधिक्षक श्री अपराजित लोहान के साथ उनके देख-रेख में सात दिनों का अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया गया साथ जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल के साथ इस अभियान में सहभागी थे। जैसे कि नुक्कड़ नाटक, बच्चों की पेंटिंग, पपेट शो, फ्री हेलमेट वितरण किया गया। श्री खुर्शीद अहमद ने कहा कि इस तरह के सम्मान से और जिम्मेदारियां बढ़तीं हैं और खुशियां भी होती हैं। इस पूरे अभियान का असर होगा कि 6 माह के अंदर सड़क पर रोड एक्सिडेंट में कमी आयेगी और लोगों को सही गाड़ी चलाने की सीख मिलेगी। इस सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान में परिवहन विभाग बिहार ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए 10 लोगों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में डॉ. सैयद आसिफ रहमान, चिकित्सा अधीक्षक, जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल, पटना भी शामिल हैं।

# जन सुराज सारथी वंदना कुमारी को सिटी के सितारे सम्मान से नवाजा गया



**पटना।** मैं कुम्हरार की बेटी हूं और मुझे जो सम्मान मिला है उसके लिए बिहार की पूरी जनता को तहे दिल से धन्यवाद। मैं महिला सशक्तीकरण पर काम करती हूं। मेरा मानना है कि जो महिलाएं कर सकती हैं वह कोई नहीं कर सकता है।

ये बातें जन सुराज सारथी (कुम्हरार विधानसभा) वंदना कुमारी ने होटल चाणक्य, पटना में रेडियो सिटी द्वारा आयोजित सिटी के सितारे सम्मान प्राप्त करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कही। यह सम्मान उन्हें मुख्य अतिथि बिहार विधान सभा के स्पीकर नंद किशोर यादव, पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू के हाथों संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। सम्मान स्वरूप सर्टिफिकेट और मोमेंटो प्रदान किया गया। वंदना कुमारी ने इस अवॉर्ड फंक्शन के आयोजनकर्ता रेडियो सिटी को बधाई दी। सम्मान प्राप्त करने वालों में इंजीनियर, डॉक्टर उद्यमी, समाजसेवी आदि क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग शामिल रहे। साथ में मंच पर जमुई की विधायक एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रेयशी सिंह, रेडियो सिटी के रीजनल प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ सुभाष कृष्ण, सेल्स हेड राकेश तिवारी समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन आरजे बरखा और विजेता ने किया।

# देश हित में है वन नेशन वन इलेक्शन का सुझाव: भिखू भाई दलसानिया

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री बिहार, भीखू भाई दलसानिया ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का सुझाव पूरी तरह से राष्ट्र के हित में है और इसमें सम्पूर्ण राष्ट्र को फायदा होगा। उन्होंने कहा राजनीतिक पार्टी बाद में है, देश पहले है, इसलिए देश के लिए अच्छा जो है यह जनता को सोचना चाहिए। उन्होंने कहा जनता जनार्दन और भाग्य विधाता है और उसे देश के फायदे और नुकसान के बारे में सोचना चाहिए। भीखू भाई दलसानिया सोमवार को पटना विश्वविद्यालय के बी एन. कॉलेज में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा देश की जनता समझदार है वह देश और राज्य के हितों को छोड़कर अलग-अलग मतदान करती है, और इसका उदाहरण कई बार के चुनाव में देखा गया कि देश में अलग पार्टी की सरकार और राज्य में अलग पार्टी की सरकार बनती है। उन्होंने कहा बार-बार चुनाव होने और उसके कारण आचार संहिता लगने से देश का विकास बाधित होता है और जनता का कार्य भी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि यह अच्छा संयोग है कि बिहार नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीयता व राष्ट्रहित के मुद्दे पर बात हो रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य रहा है कि यहां के शासक बहुमत और सवार्नुमति दोनों से राष्ट्र चलाते हैं ।शासन सत्ता पर कोई भी हो राष्ट्र भक्ति हमारे खून में है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत प्रकृति की पूजा करने वाला देश है, और यह पूरा विश्व को परिवार मानकर सबके कल्याण के लिए सोचता है। हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत के मंत्र को लेकर चलना है, और हमें फिर से विश्व गुरु बनना है। इस मौके पर



सामाजिक कार्यकर्ता और डॉ मोहन सिंह ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन राजनीतिक नहीं राष्ट्रीय मुद्दा है और भारत दुनिया का अकेला राष्ट्र है जहां का हर नागरिक अपनी मिट्टी व पूर्वज से प्यार करता है। भारत उन प्राचीनतम राष्ट्रों में से एक है जहां लोग अपने पूर्वज का सम्मान करते हैं और आने वाले पीढ़ी के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमको फिर से दुनिया का संचालन करना है और भारत को विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने कहा भारत में चुनाव नहीं होते हैं थे यहां सभी काम सवार्नुमति से होता था। आजादी का इतिहास आम लोगों से जुड़ा है। डॉ मोहन सिंह ने कहा कि देश की ऊर्जा व धन का सकारात्मक उपयोग करना है। इस मौके पर वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के राज्य संयोजक पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर रणवीर नंदन ने कहा किया है दलगत का विषय नहीं बल्कि चिंतन का विषय है। 1952 से 1967 तक हर 5 साल पर राज्य और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते रहे हैं और केंद्र व राज्य में सरकारी बनती रही है। प्रो नंदन ने कहा कि देश की बहुत बड़ी राशि चुनाव में खर्च हो रही हैं ।

जब वन नेशन वन इलेक्शन के तहत चुनाव होगा तो देश में राशि बचेगी। और वह पैसा विकास में खर्च होगा। इस दौरान डॉक्टर नंदन ने 1998 से लेकर 2025 तक के विभिन्न राज्यों में और देश में हुए चुनाव खर्चों के बारे में आम लोगों को बताया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा कि देश में मध्यवर्ती चुनाव के कारण अलग अलग चुनाव की नौबत आई है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की की वन नेशन वन इलेक्शन के बाद भी अगर राज्य में ला एंडआर्डर के कारण फिर से चुनाव की नौबत आए ,तो बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुनाव होना चाहिए साथ ही दल बदल कानून में बदलाव करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बी एन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान में कोई कुछ थोपा नहीं जाता वह जनता के मत पर तय होता है। 2047 तक आत्मनिर्भर भारत का सपना व्यक्त किया जा रहा है इसके लिए वन नेशन वन इलेक्शन जरूरी है ।साथ हैं ऑनलाइन इलेक्शन के माध्यम से भी चुनाव खर्चों से बचा जा सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन बीएन कॉलेज के संस्कृत विभाग के प्राध्यापक प्रो. मांगलिक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डी .एन.सिंहा ने किया। इस मौके पर पटना विश्वविद्यालय गृह विज्ञान विषय की विभाग अध्यक्ष सुहेली मेहता श्याम पटेल ,राहुल कुमार सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# बजट 2025 बिहार के विकास के लिए एक ऐतिहासिक दस्तावेज हैं: हरि सहनी

**अरवल।** अरवल जिला समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री सह अरवल जिला के प्रभारी मंत्री हरि सहनी ने बजट 2025 में बिहार के लिए की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं और विकास योजनाओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाएगा। मंत्री ने बताया कि नए कर ढांचे के तहत अब 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा। पहले यह सीमा 7 लाख रुपये थी। स्टैंडर्ड डिडक्शन 75,000 को मिलाकर देखा जाए तो 12.75 लाख रुपये तक की व्यक्तिगत आय पर कोई कर देय नहीं होगा। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। मंत्री श्री सहनी ने हवाई संपर्क के विस्तार पर भी जोर देते हुए बताया कि बजट 2025 में बिहार में तीन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट सोनपुर, राजगीर और भागलपुर में विकसित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं से न केवल राज्य के भीतर हवाई संपर्क मजबूत होगा, बल्कि देश और विदेश तक यात्रा करना आसान और किफायती होगा। इससे व्यापार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर सृजित होंगे। कृषि क्षेत्र में किए गए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मंत्री श्री सहनी ने बताया कि पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे 50,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही, किसान क्रेडिट कार्ड



योजना की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई है, जिससे किसानों को खेती और कृषि से जुड़े अन्य कार्यों के लिए आसान ऋण उपलब्ध हो सकेगा। मखाना किसानों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में मखाना बोर्ड के गठन का प्रावधान किया गया है। यह बोर्ड मखाना उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर प्रदान करेगा। मखाना किसानों को एफपीओ के माध्यम से संगठित कर उन्हें प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। इससे लाखों किसानों और मखाना व्यवसाय से जुड़े लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के प्रयासों की चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि आईआईटी पटना में बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाएगा। इससे छात्रावास और शैक्षणिक सुविधाओं में वृद्धि होगी, जिससे अधिक छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जाएगी। यह संस्थान खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों और युवा उद्यमियों के लिए कौशल विकास का केंद्र बनेगा। मंत्री हरि सहनी ने कहा कि बजट 2025 बिहार के विकास के लिए एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। यह न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि किसानों, युवाओं और व्यापारियों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से बिहार समृद्धि और विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# ईंट भट्ठा मालिक से लेवी मांगने दो नक्सलियों को पुलिस ने दबोचा

**जहानाबाद।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ईंट भट्ठा मालिक से लेवी की मांग करने वाले दो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से कैश और मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों नक्सलियों को जेल भेजा जा रहा है। पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है। बताया जाता है कि जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबगंज गांव स्थित एक ईंट-भट्ठा भट्ठा के मालिक से दो नक्सली रामाशीष यादव और रणधीर कुमार ने 50 हजार रुपए लेवी की मांग की थी। जिसकी सूचना शकूराबाद थाने की पुलिस को लग गई। इस सूचना के आधार पर शकूराबाद थाने की पुलिस एवं जहानाबाद सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में



एक टीम का गठन कर दोनों नक्सलियों रामाशीष यादव एवं रणधीर कुमार को गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

जिसके पास से 5 हजार कैश और मोबाइल बरामद किया है। इस मामले में जहानाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र से दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। जो खुद को हार्डकोर नक्सली बता ईंट भट्ठा मालिकों से रंगदारी मांगा करता था जिसकी सूचना पुलिस को मिली थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने टेक्निकल सेल और सर्विलांस के माध्यम से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। इन दोनों की निशानदेही पर अन्य नक्सलियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल पुलिस दोनों को जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

## पेंशनधारियों से कोषागार के नाम दो लोगों से 14 लाख की ठगी, जांच जारी

**जहानाबाद।** साइबर अपराधियों ने पेंशनधारियों को निशाना बनाते हुए एक नई ठगी को अंजाम दिया है। कोषागार कार्यालय के नाम पर फर्जी फोन कर दो पेंशनधारियों से कुल 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। श्रीकांत प्रसाद हुलसकन (धर्मपुर गांव) के खाते से 10 लाख रुपए और शिवजी चौधरी (सरिस्ताबाद) के खाते से 4 लाख रुपए साइबर अपराधियों ने उड़ा लिए। दोनों पीड़ितों ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसकी जांच डीएसपी रेणु कुमारी के नेतृत्व में की जा रही है। कोषागार पदाधिकारी अजमत अली अंसारी के अनुसार, ठगों ने पेंशनधारियों को फोन कर कोषागार कार्यालय से कागजात मांगने का झांसा दिया। इस बहाने उनसे बैंक अकाउंट नंबर समेत अन्य जानकारियां हासिल कर ली गई। कोषागार कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि वे कभी भी फोन पर पेंशनधारियों से कागजात नहीं मांगते है। जिले में बढ़ते साइबर अपराधों से आम लोग परेशान है। ऐसा प्रतीत होता है कि साइबर अपराधियों का एक संगठित नेटवर्क विभिन्न कार्यालयों में सक्रिय है, जो लोगों की व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर उन्हें अपना शिकार बनाता है। कोषागार विभाग ने सभी पेंशनधारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध फोन कॉल की सूचना तुरंत स्थानीय थाने में देने की सलाह दी है।

## कुंभ को फालतू बताना तुष्टिकरण की राजनीति: मंगल पाण्डेय

**पटना।** स्वास्थ्य व कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने कुंभ पर दिए गए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बयान को घोर आपत्तिजन बताते हुए कहा है कि करोड़ों सनातनियों के आस्था के महापर्व कुंभ को फालतू बता कर लालू प्रसाद ने तुष्टिकरण की राजनीति करने की कोशिश की है। बिहार की राजनीति में अप्रासंगिक हो चुके लालू प्रसाद सनातन का विरोध कर एक खास वर्ग के वोटर को साधना चाहते हैं।

श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले साल श्रीराम जन्म भूमि, अयोध्या में हुए श्रीराम प्रतिमा प्रतिष्ठापन समारोह का बहिष्कार व उसके पहले मानस की चौपाइयों की आलोचना से राजद की सनातन विरोधी मानसिकता का पदार्फाश हो चुका है। कांग्रेस से गलबहियां करने वाला राजद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तरह ही कुंभ का विरोध कर करोड़ों सनातनियों की भावना को आहत कर रहे है। ये लोग धार्मिक उन्माद की राजनीति करते रहे हैं। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में अपनी दाल गलती नहीं देख राजद सुप्रीमो अनाप-शनाप बयान दे कर सुर्खियां बटोरना चाहते हैं, मगर बिहार की जनता वर्षों पहले से उन्हें खारिज कर चुकी है।

## भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर राजद नेताओं ने उन्हें याद किया



**पटना।** आज राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी की 37 वीं पुण्यतिथि पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सतीश कुमार की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर जननायक कपूरी ठाकुर जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर ने समाज के सभी वर्गो, दबे-कुचले तथा अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों के सर्वमान्य नेता थे। वे अपने पद से नहीं बल्कि अपने चरित्र विचार और आचरण से जाने जाते थे। उनका विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है,जितना कल था। आज इस देश में कोई भी राजनीतिक धारा बिना जननायक के विचारधारा के परे नहीं चल सकती है। राष्ट्रीय जनता दल ही ऐसी पार्टी है जिसने सत्ता में रहकर तथा सत्ता से बाहर रहकर भी जननायक के नीति एवं सिद्धांतों से कभी अलग नहीं हुआ। हालांकि कुछ राजनीतिक दल एवं संगठन जो उनके विचारों के घोर विरोधी थे। आज उनके नाम पर राजनीतिक मार्केटिंग कर रहे हैं। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद ही जननायक कपूरी ठाकुर की विरासत को संभाल रहे हैं। जननायक का आदर्श एवं सिद्धांत ही राजद की राजनीतिक एवं सामाजिक विचारधारा है।इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री अब्दुल बारी सिद्दिकीए,पूर्व सांसद श्री विजय कृष्ण,राष्ट्रीय महासचिव श्री बीनू यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद,अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव भाई अरूण कुमार,बल्ली यादव,प्रमोद कुमार राम, नन्दू यादव, राजेश पाल,अभिषेक कुमार, डॉ0 मुन्नी लाल गुप्ता, जेम्स कुमार यादव,संजीत ठाकुर,सरदार रंजीत सिंह ,श्री उपेन्द्र चन्द्रवंशी, उतम मेहता, डॉ0 मोहित यादव, अफरोज आलम, प्रो0 रामनंदन सिंह, कृष्णा ठाकुर,गणेश यादव, चन्देश्वर प्रसाद सिंह,शैलेश यादव,रीना चैधरी,जीतेन्द्र शर्मा,उपेन्द्र यादव निरंजन चन्द्रवंशी,विमल राय,मनोज यादव, मुकेष सिंह,ओमप्रकाश शर्मा,निखिल यादव, संजय यादव, श्रवण यादव,डॉ0 अशोक यादव,ई0 रामसुन्दर मुखियाए रंजीत कुमारए विजय कुमार सिन्हा, विक्रम बिन्द, शिवनाथ राम सहित अन्य गणमान्य नेतागण शामिल थे।

# श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने किया टूल किट एवं स्टडी किट का वितरण

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना के तत्वावधान में बेरोजगार युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। सोमवार को पटना स्थित नियोजन भवन के 'ए ब्लॉक' के छठे तल पर टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रम संसाधन विभाग के सचिव श्री दीपक आनंद ने 16 प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए टूल किट और 33 अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु स्टडी किट का निःशुल्क वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान श्री दीपक आनंद ने कहा, यह योजना उन युवाओं को संबल प्रदान करेगी,




जो आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं और अपनी मेहनत और लगन से कुछ बड़ा करना चाहते हैं। टूल किट स्वरोजगार को बढ़ावा देगी, जबकि स्टडी किट प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी।उन्होंने यह भी कहा कि श्रम संसाधन विभाग का उद्देश्य सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। स्टडी किट में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित आवश्यक पुस्तकें शामिल हैं, जो युवाओं को बेहतर तैयारी का अवसर देंगी। वहीं, तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को उनके संबंधित ट्रेड का टूल किट दिया गया, जिससे वे अपने हुनर का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में विकलांगों के लिए विशेष नियोजनालय, पटना द्वारा 12 टूल किट का वितरण किया गया। इसके अलावा, विश्वविद्यालय नियोजन सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्र, पटना द्वारा 11 स्टडी किट का वितरण किया गया। इस योजना का लाभ उन्हें ही दिया गया, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1,80,000 रुपये से कम है और जो नियोजनालय में पंजीकृत हैं। श्रम संसाधन विभाग की इस पहल से उन युवाओं को विशेष रूप से फायदा मिलेगा, जो संसाधनों के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते थे या स्वरोजगार शुरू नहीं कर पाते थे। कार्यक्रम में निदेशालय नियोजन की उप निदेशक (नियोजन) श्रीमती प्रियंका कुमारी और श्रीमती अमृता कुमारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, श्री अंकित राज भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## वहम की दुनिया के सरताज हैं तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव वहम की दुनिया के सरताज हैं। हर समय इन्हें कोई न कोई गलत वहम हो जाता है।

श्री मिश्र ने आज यहां कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी की दिल्ली यात्रा को लेकर भी इनके मन में बैचेनी है। जिसके पास कम बुद्धि होती है, वह ऐसे ही वहम का शिकार रहता है। कम सुनने वाले लोग जब किसी को बातचीत करते देखते हैं, तो उन्हें लगता है कि उसकी शिकायत हो रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी दिल्ली शादी समारोह में शामिल होने गये थे और तेजस्वी यादव को लगता है कि कोई डील करने गये हैं, यह तो बेवकूफी की हद है। माननीय मुख्यमंत्री जी चाहे प्रगति यात्रा पर हों, नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में हों, या दिल्ली यात्रा पर, नेता प्रतिपक्ष की नींद उड़ जाती है। असल में तेजस्वी यादव अपनी तय करारी हार की वजह से फ्रस्ट्रेशन में हैं। ज्यादा फ्रस्ट्रेशन उनके सियासी कैरियर में डिप्रेशन की वजह बन सकता है।

श्री मिश्र ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपने राजनीतिक कैरियर में डील से ऊपर नहीं उठ पाए हैं, चाहे टिकट बांटना हो नौकरी बांटनी हो, तेजस्वी यादव ने अपने परिवार से डील करना ही सीखा है। टिकट बांटने में राजद में करोड़ों की डील होती है और रेलवे के ग्रुप डी में नौकरी देने के लिए लालू प्रसाद गरीब युवाओं की जमीन हड़पने की डील करते थे। तेजस्वी डील करने के परिवेश में ही प्ले बढ़े हैं, इसलिए हमेशा डील की बात करते हैं।

## टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निदेर्शानुसार जिले में श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय कार्यालय द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम से टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन 17 फरवरी को जिला नियोजनालय, श्याम नगर जहानाबाद में किया गया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत नियोजनालय, में निबंधित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल 7 अभ्यथीर्यों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टूल किट प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले न्यूनतम पारिवारिक वार्षिक आय 1,80,000/- रूपए से कम तथा नियोजनालय में निबंधित कुल 08 अभ्यथीर्यों को संबंधित परीक्षा की पुस्तके स्टडी किट के रूप में निःशुल्क




उपलब्ध करायी गई। कार्यक्रम में टूल किट एवं स्टडी किट का वितरण जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आकृति कुमारी द्वारा किया गया।

उपस्थित लाभार्थियों को संबोधन के क्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा टूल किट एवं स्टडी किट योजना को आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़कर बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उपयोगी बताया। प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नही कर पाते। स्टडी किट पुस्तक के आभाव को दूर कर उन्हे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा तथा वे सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकेंगे इसी प्रकार तकनीकि प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

## बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं का हुआ अभूतपूर्व विस्तार लोगों का बढ़ा भरोसा: मंगल पाण्डेय

**पटना।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। सरकार द्वारा उठाए गए व्यापक कदमों के कारण लोगों का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर लगातार बढ़ रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2006 से पहले राज्य में प्रत्येक माह औसतन 39 मरीज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के लिए आते थे। लेकिन सरकार की निरंतर प्रयासों और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के चलते यह संख्या अब प्रतिमाह औसतन 11,000 तक पहुंच गई है। यह परिवर्तन राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी और आम जन में बढ़ते भरोसे को दशार्ता है।

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जनवरी 2024 में ओपीडी की औसतन प्रतीक्षा समय 72 मिनट थी, जो अब घटकर जनवरी 2025 में 36 मिनट हो गया है। सरकार के प्रयासों से लगातार सेवाओं को उन्नत बनाया जा रहा है। जिसके तहत जनवरी 2025 में ओपीडी में 23,93,177 मरीज आएं और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। राज्य में दवाइयां वितरित करने की प्रतिशत में भी बढ़ोतरी हुई है। मई 2024 में जहां 69 प्रतिशत दवाइयां वितरित हुई थीं। वहीं जनवरी 2025 में ये आंकड़ा बढ़कर 83 प्रतिशत हो गया है। पैथोलॉजी परीक्षणों की संख्या में भी वृद्धि हुई है, जनवरी 2025 में 5,92,173 परीक्षण हुए हैं। पैथोलॉजी परीक्षणों का ओपीडी दौरे के हिसाब से 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। एक्स-रे की संख्या भी बढ़ी है, जनवरी 2025 में 2,11,524 एक्स-रे किए गए हैं।

श्री पांडेय ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी नागरिकों को सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने चिकित्सा संसाधनों का विस्तार, अत्याधुनिक उपकरणों की आपूर्ति, डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि और ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक पहल की हैं। सरकार आने वाले समय में भी स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि बिहार के हर नागरिक को उत्तम चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।

# नये जन-सम्पर्क अधिकारियों के लिए सशक्त मीडिया प्रबंधन और बेहतर मीडिया समन्वयन आधारित एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**पटना।** सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से नवनियुक्त जन सम्पर्क अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम-सह-कार्यशाला आयोजित किया। यह एक दिवसीय कार्यशाला नये जन-सम्पर्क अधिकारियों के लिए सशक्त मीडिया प्रबंधन और बेहतर मीडिया समन्वयन आधारित थी, जिसमें सामान्य तथा आकस्मिक सभी परिस्थितियों में जन-सम्पर्क अधिकारी की महती भूमिका पर फोकस किया गया। श्री अनुपम कुमार, सचिव, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि जन-सम्पर्क पदाधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बताया कि सरकार के प्रोटोकॉल तथा विभाग की सम्पूर्ण जानकारी उन्हें रखनी चाहिए। प्रेस विज्ञप्ति बनाते वक्त भाषा तथा तथ्यों की स्पष्टता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को सलाह दी कि अपने विभाग का बीट देखने वाले मीडिया कर्मियों से सतत समन्वय बनाये एवं विभाग के स्तर पर नियमित रूप से मीडिया इन्टरेक्शन सुनिश्चित करें। क्राइसित मैनेजमेंट के संदर्भ में एंटीसिपेशन अत्यंत महत्वपूर्ण है




ताकि किसी तरह सम्पुष्ट खबरें ही प्रकाशित-प्रसारित हों एवं अफवाह का कोई वातावरण उत्पन्न न हो। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को तकनीकी रूप से अद्यतन रखने के साथ-साथ विभाग एवं राज्य स्तर पर वातावरण से अवगत रहने की सलाह दी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपनी जवाहदेही पर खरा उतरने तथा प्रोऐक्टिव होकर दायित्वों के निर्वहन की भी सलाह दी।

श्री वैभव श्रीवास्तव, निदेशक, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग (क्ढफ्छ). बिहार सरकार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में जन-सम्पर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि पारदर्शी और प्रभावी मीडिया समन्वयन सरकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने में मदद करता है। संयुक्त सचिव श्री बिधुभूषण चौधरी तथा संयुक्त निदेशक, श्री रवि भूषण सहाय भी उपस्थित रहे और उन्होंने मूल्यवान विचार साझा किये। संयक्त निदेशक, श्री रवि भूषण जी ने सूचना जन-सम्पर्क विभाग की सम्पूर्ण कार्यप्रणाली को समझाया, उप निदेशक, श्री लाल बाबू सिंह ने विज्ञापन के जरिए तथा उप निदेशक (संविदा), श्री सुनील कुमार पाठक ने विशेष प्रचार के माध्यम से सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को बखूबी बताया।

इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ संपादकों तथा संचार विशेषज्ञों ने प्रभावी प्रेस विज्ञप्ति तैयार करने, प्रेस वार्ता आयोजित करने, संकट संचार प्रबंधन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन-सम्पर्क अधिकारियों को प्रायोगिक ज्ञान दिये।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकर और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

# नई दिल्ली में आयोजित हुआ स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर सम्मान

**रांची/नई दिल्ली।** नई दिल्ली में स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन बीबीसी समूह के द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर की राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने सबसे कम उम्र की पैराओलंपिक खिलाड़ी तीरंदाज शीतल देवी को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया जबकि मनु भाकर को प्लेयर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। शीतल देवी दिव्यांग हैं और पैरों से तीरंदाजी करती हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने सम्मान के उपरांत तीरंदाज शीतल देवी को गोद लेने की भी घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि हमारी बेटियों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे समारोह का आयोजन प्रशंसनीय है। इससे हमारी बेटियों का मनोबल निश्चित तौर पर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि संयोग की बात है कि मैं झारखंड से आता हूँ, जो खेल की दुनिया में अलग पहचान रखता है। महेंद्र सिंह धोनी की लोकप्रियता तो ऐसी है कि विदेशों में भी उनके प्रशंसक मिल जाते हैं। झारखंड से आने वाली बेटियों ने खेल की दुनिया में काफी नाम रोशन किया है। महिला हॉकी से लेकर तीरंदाजी तक में झारखंड की बेटियों ने काफी शानदार खेल दिखाया है। फुटबॉल में भी कम उम्र से बेटियां अच्छा कर रही हैं। अंडर 17 फुटबॉल टीम में आधी टीम झारखंड की रही है। अब वे नेशनल टीम तक पहुँच रही हैं। इसके अलावा खोखों और लॉन बॉल जैसे खेल भी झारखंड की लड़कियाँ अंतरराष्ट्रीय इवेंट में मेडल जीत कर ला रही हैं। असुंता लकड़ा, रीना कुमारी, दीपिका कुमारी, लवली चौबे, सुमराय टेटे, सलीमा टेटे, अरुणा



मिश्रा, पूर्णिमा महतो, सपना कुमारी, प्रियंका केरकेट्टा सहित कई बेटियों ने भारत को कई मेडल लाकर दिए। समाज की बेटियों के लिए यह सभी बेटियों प्रेरणा बनी है।

श्री सेठ ने कहा कि जिस विकसित भारत की बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, उस विकसित भारत का स्वप्न इन खिलाड़ी बेटियों के सहयोग से भी पूरा होगा। इसके लिए हमारी सरकार लगातार ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देती आयी है, जिसमें बेटियों को सबल बनाने पर जोर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी खुद खेल को बढ़ाने को लेकर गंभीर है। खिलाड़ियों का प्रोत्साहन हो। उनका उत्साहवर्धन हो। खिलाड़ी अपने क्षेत्र में अच्छा करें, इस दिशा में हर तरह के प्रशिक्षण और संसाधन मुहैया कराई जा रहे हैं। बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ से लेकर खेलो इंडिया तक की नीतियों में इस बात पर जोर दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री हमेशा इस पहलू को लेकर देशवासियों को राह दिखाते हैं।

श्री सेठ ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य से हमारी बेटियों की उपलब्धियाँ बेमिसाल हैं। उनकी उपलब्धियां ने पूरे दुनिया में झारखंड और भारत का मस्तक ऊंचा किया है। भारतीय विमेंस हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। श्री सेठ ने कहा कि मैं झारखंड की बेटियों से ही नहीं बल्कि देश भर की बेटियों को कहूँगा कि तुम आगे बढ़ो, हमारी सरकार सारी सुविधाएँ मुहैया कराएँगी और ऐसे तमाम पुरस्कार तुम्हारी झोली में होंगे।

इस कार्यक्रम में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री डी वाई चंद्रचूड़, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज मैरी कॉम, क्रिकेटर मोहम्मद अजहरूद्दीन, सचिन पायलट, राजीव शुक्ला, सुधांशु मित्तल की गरिमामई में उपस्थिति रही।




राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ने सर्वोच्च बलिदान दिया। आज हजारीबाग स्थित उनके घर जाकर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर, उनके बलिदान को नमन किया। कैप्टन के परिवारजनों से मिला। अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया। कैप्टन ने राष्ट्र के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। कैप्टन बक्शी का बलिदान देश के युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देने वाला है। निश्चित रूप से यह परिवार के लिए दु:ख की घड़ी है परंतु हम सब परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़े हैं। कैप्टन के बलिदान पर संपूर्ण राष्ट्र को गर्व है।

## आदिवासी बच्चों की शिक्षा और सशक्तिकरण केलिए मोदी सरकार संकल्पित: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी बच्चों की समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके सशक्तिकरण केलिए मोदी सरकार संकल्पित है। कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने झारखंड में आदिवासी बच्चों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कहा कि झारखंड में एक साथ 44 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) शुरू किए जा रहे हैं, जिससे आदिवासी छात्रों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। ये विद्यालय आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण के साथ छात्रों के समग्र विकास में सहायक होंगे। कहा कि यह पहल शिक्षा आदिवासी समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से आदिवासी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य देने का प्रयास किया जा रहा है। निःशुल्क और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराकर सरकार न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा दे रही है, बल्कि उनके समग्र उत्थान में भी योगदान दे रही है।

## बिहार के युवाओं के लिए जर्मनी में करियर बनाने के अवसर हेतु श्रम संसाधन विभाग ने शुरू किया जर्मन भाषा प्रशिक्षण

**पटना।** बिहार के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में एक नई पहल की गई है। बिहार-झारखंड फ्रेटरनिटी म्यूनिख ईवी (बीजेएफएम), जर्मनी के 'प्रोजेक्ट मंधार' के अंतर्गत राज्य के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में जर्मन भाषा का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

यह प्रशिक्षण पटना के दीघाघाट, पूर्णिया, मढ़ौरा (सारण), गया, दरभंगा, मुंगेर और भागलपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को जर्मनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

विदित हो कि इस योजना के तहत प्रथम चरण में 150 और द्वितीय चरण में 150, कुल 300 प्रशिक्षणार्थियों को जर्मन भाषा में ए1 स्तर पर प्रमाणित किया जाएगा। प्रमाणन प्राप्त करने के बाद युवाओं को जर्मनी में रोजगार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जर्मन भाषा में दक्ष बनाना है ताकि वे जर्मनी में रोजगार अवसरों का लाभ उठा सकें। प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से प्रदान किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक छात्र इसमें भाग ले सकें। श्रम संसाधन विभाग के सचिव ने बताया कि यह पहल राज्य के कुशल युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जिससे वे न केवल अपनी आजीविका को बेहतर बना सकें, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम भी रोशन करें।

## बिहार में धान खरीद का नया रिकॉर्ड, आंकड़ा 39 लाख मीट्रिक टन पार


**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार की नीतियां यह साबित करती हैं कि वह न केवल किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि कृषि उत्पादन और विपणन को भी सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी के तहत, इस वर्ष बिहार में धान खरीद ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बिहार में इस साल धान की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल 39.23 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जो कि 45 लाख मीट्रिक टन के निर्धारित लक्ष्य का लगभग 87.2 प्रतिशत है। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को दी बधाई जानकारी के अनुसार गत वर्ष सरकार ने 30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा था, जो लक्ष्य का 66.7 प्रतिशत था। इस साल धान की खरीद में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, यानी करीब 9 लाख मीट्रिक टन धान अधिक खरीदी गई है। इस उपलब्धि पर मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों और उनकी टीम को बधाई दी है। खाद्य और सहकारिता विभाग की बेहतरीन कार्यशैली ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य में पिछले वर्ष के मुकाबले करीब नौ लाख मिट्रीक टन धान की खरीद अधिक हुई है, जिसमें सबसे ज्यादा भोजपुर में 105 फीसदी धान की खरीद हुई है। ऐसे जिलों की संख्या ठीक ठाक थी जहां 95 फीसदी से अधिक खरीदारी हुई। इनमें अरवल, बांका, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण, गया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, नालंदा, पटना, सहरसा, शेखपुरा, शिवहर, सीवान और सुपौल है। वहीं, 90 फीसदी से पार रहने वाले जिलों में पश्चिमी चंपारण, सारण, मुंगेर, जमुई, अररिया शामिल है।

राज्य सरकार पारंपरिक खेती के तरीकों को बदलकर किसानों को स्मार्ट खेती करने के लिए लगातार प्रेरित कर रही है। इसके लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत राज्य के सभी 101 अनुमंडलों को ड्रोन देने की योजना है।उत्तर बिहार में 1 नवंबर 2024 से धान की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 15 फरवरी 2025 तक चली। विभाग ने इस बार साधारण धान के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की थी। पिछले वर्ष साधारण धान की कीमत 2183 रुपये प्रति क्विंटल थी, जबकि ग्रेड-ए धान की कीमत 2203 रुपये प्रति क्विंटल थी। दक्षिण बिहार में 15 नवंबर से खरीद शुरू हुई थी और 15 फरवरी तक जारी रही। नीतीश सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसीलिए धान की बिक्री करने वाले निबंधित किसानों का बायोमैट्रिक सत्यापन किया गया। तय किया गया कि रैयती किसान अधिकतम 250 क्विंटल धान की बिक्री कर सकेंगे, जबकि गैर रैयती किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकेंगे। किसानों को खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जाएगा।

## राज्य सरकार महंगे पर्यटन आयोजनों के बजाय आम जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दे: राफिया नाज

**रांची।** झारखंड में आयोजित स्काईडाइविंग फेस्टिवल -2025 पर बीजेपी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। राफिया नाज ने इस महंगे आयोजन को आम आदमी की पहुंच से बाहर बताते हुए राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा किया। राफिया नाज का कहना है कि स्काईडाइविंग जैसी महंगी गतिविधियों को बढ़ावा देना, जो प्रति व्यक्ति 28,000 की लागत में आयोजित होती है, यह आम जनता के लिए सुलभ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से केवल पर्यटन को बढ़ावा देने का दावा कर रही है, जबकि वास्तविकता में यह गतिविधियां सिर्फ समाज के एक विशेष वर्ग के लिए उपलब्ध हैं। यह महंगा आयोजन राज्य के गरीब और मझले वर्ग के लिए न केवल दूर का सपना है,बल्कि यह सरकार की प्राथमिकताओं का वास्तविक प्रतिबिंब भी नहीं है। सुश्री नाज ने कहा, राज्य सरकार महंगे पर्यटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है और इस पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। वहीं, सरकार लगातार यह दावा करती है कि उसके पास बजट की कमी है, जिससे विकास कार्य और जनता की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। यह सरकार की दोहरे मापदंड को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा, पिछले साल भी इसी तरह के महंगे आयोजनों पर खर्च किए गए पैसे के बाद ऑडिट में कई बड़ी गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसके बावजूद सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जब सरकार जनता के बुनियादी मुद्दों को हल करने के लिए बजट के आभाव का दावा करती है, तो ये महंगे आयोजन किस उद्देश्य के लिए हो रहे हैं? ऐसे महंगे पर्यटक आयोजन स्पष्ट रूप से बजट की बबार्दी को दशार्ती है। सुश्री नाज ने कहा झारखंड राज्य में महंगे पर्यटन आयोजनों के बजाय सरकार को आम जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। राफिया नाज ने राज्य सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकताएं पूरी तरह से उलट हैं। सुश्री नाज ने कहा, राज्य सरकार को महंगे पर्यटन आयोजनों पर पैसे खर्च करने के बजाय स्कूलों के बच्चों को बुनियादी सुविधाएं देने पर ध्यान देना चाहिए। विधवा महिलाओं के लिए पेंशन योजना शुरू की जानी चाहिए, वहीं सरकारी कर्मचारियों की लंबित तनख्वाह का भुगतान शीघ्र किया जाना चाहिए। जब राज्य में बेरोजगारी और रोजमर्रा की जरूरतों की कमी है, तो सरकार क्यों अपनी नाकामी छुपाने के लिए इस तरह के महंगे आयोजनों पर खर्च कर रही है। राफिया नाज ने सरकार से सवाल किया, ह्लक्या राज्य सरकार को यह नहीं समझ आता कि स्कूलों में बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।विधवा, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाएं नहीं चल रही हैं, और बेरोजगारी का मुद्दा गंभीर हो गया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से दुर्घटना का शिकार हुए तीन युवक रेफर



**दुमका / प्रियव्रत झा।** बासुकीनाथ नोनीहाट मुख्य पथ पर स्थित बासुकीनाथ मोड़ के पास सोमवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में पड़ने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल युवकों की शिनाख्त अंकित चालक 14 वर्ष राजा बाउरी 35 वर्ष एवं गोपी कुमार 30 वर्ष के रूप में हुई है। जिसे आनन फानन में स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर अंजू ने सभी घायल युवकों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना की जद में आए 14 वर्षीय बंदर जोरी दुमका का रहने वाला अंकित चालक शादी समारोह में भाग लेने के लिए नोनीहाट आया हुआ था। जहां वह अन्य दो युवकों के साथ सड़क हादसे का भेंट चढ़ गया।

## बसपा ने मुख्यमंत्री की यात्रा को बताया दुर्गति यात्रा, कहा - चुनाव में जनता को बरगलाने आये थे

**पटना।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' पर तीखा हमला बोलते हुए इसे 'दुर्गति यात्रा' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बक्सर को अब तक ढंग का कोई शैक्षणिक संस्थान नहीं मिला है। यह क्षेत्र शिक्षा के मामले में अभी भी पिछड़ा हुआ है, तकनीकी क्षेत्र में युवाओं को कोई अवसर नहीं मिल रहा, सड़कों की हालत दयनीय है, अस्पताल भगवान भरोसे हैं, और रोजगार के नाम पर सिर्फ खोखले वादे किए जा रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि इस स्थिति के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है? अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान प्रशासन ने बक्सर की जनता को एक दिन के लिए बंधक बना दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जनता को धोखा देने आए थे और उन्हें लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री चुनाव के समय झूठे वादों की पोटली लेकर आते हैं, लेकिन बक्सर के छात्र, युवा, महिला और किसान उनके एजेंडे में कभी नहीं रहे। बसपा नेता ने नीतीश कुमार द्वारा घोषित योजनाओं को छलावा बताते हुए कहा कि इनसे ना तो बक्सर का सही से विकास होगा और ना ही यहां की सूरत बदलेगी। उन्होंने 73 योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास को केवल दिखावा बताया और कहा कि आर्सेनिक मुक्त पेयजल की योजना 12 साल पुरानी है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस काम नहीं हुआ। अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि इसकी विफलता के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? वहीं, जिन योजनाओं की घोषणा की गयी, वे सभी पूर्व से संचालित हैं । बनी हुई सड़कों की घोषणा करने वाले इस मुख्यमंत्री की हकीकत जनता को भी पता है। अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपनी असफलताओं पर आत्ममंथन करना चाहिए। बक्सर जैसे जिले में आधारभूत सुविधाओं की बदहाली इस बात का प्रमाण है कि सरकार ने इसे पूरी तरह से उपेक्षित कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को बक्सर की जनता को जवाब देना चाहिए कि क्यों अब तक यहां उच्च शिक्षा, तकनीकी विकास, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पाया है। बसपा नेता ने जनता से अपील की कि वे झूठे वादों और खोखली घोषणाओं के बहकावे में न आएं और अपने हक के लिए जागरूक बनें।

## भारतरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि



**पटना।** भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर जी के 37वीं पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उन्हें याद किया गया।

कार्यालय मंत्री डॉ. प्रवीण राय पटेल ने इस मौके पर कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय के पुरोधा के रूप में हमेशा स्मरणीय रहेगा। नरेंद्र मोदी सरकार में उन्हें भारत रत्न मिलना इस बात की गवाही है कि उन्होंने दलित और पिछड़ों के मसीहा के तौर पर कितना बड़ा काम किया था, जिसे कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा नकारा ही है। मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर हमेशा अंतिम पायदान पर बैठे लोगों का ख्याल रखते थे। उनसे प्रेरणा मिलती है कि समतामूलक समाज बनाने की दिशा में किस तरह मजबूती से आगे बढ़ा जाए। कपूर्री ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करनेवालों में शिवनारायण महतो, डॉ. प्रवीण राय पटेल, अरविंद शर्मा, ज्ञान प्रकाश ओझा, संतोष पाठक, राजीव रंजन, सुरेंद्र तिवारी, रूपनारायण मेहता, आनंद पाठक, मुकेश शास्त्री, पुरूषोत्तम जैन सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तुष्टिकरण से बाज आए हेमंत सरकार परीक्षा में बुर्का प्रकरण पर रिपोर्ट के आधार पर करवाई हो : बिजय चौरसिया

**गिरिडीह।** गिरिडीह के जमुआ प्रखंड के जेपीके कॉलेज भंडारों के केंद्राधीक्षक को दुर्भावना से ग्रस्त होकर हटाना दुर्भाग्यपूर्ण। साजिशकर्ता विक्षक सज्जाद अंसारी और मो. असगर अंसारी पर अविलंब करवाई हो। साथ हीं अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे केंद्राधीक्षक को पुनः नियुक्त किया जाए सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने गिरिडीह में एक प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार को तुष्टीकरण से बाज आने की नसीहत दी। कहा समुदाय विशेष को खुश रखने को लेकर घिनौना खेल न खेले हेमंत सरकार। उन्होंने गिरिडीह के एक परीक्षा केंद्र में हुए बुर्का प्रकरण को लेकर जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर करवाई की मांग की। श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य में संचालित परीक्षाओं पर सांप्रदायिक रंग न चढ़ाया जाए। राज्य में संचालित हो रही मैट्रिक और इण्टर की परीक्षाओं में पारदर्शिता और सुचिता बरती जाय ।कहा हेमंत जी को मालूम होना चाहिए कि अरब देशों में भी परीक्षाएं स्कूल ड्रेस में हीं संचालित होती है और परीक्षार्थियों की पहचान करने में कोई कोताही नहीं बरती जाती है। श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य के पदाधिकारी भी किसी तुष्टीकरण के फेरे में न पड़े। किसी वर्ग व समुदाय को खुश करने के दबाव में आकर झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम के विरुद्ध कोई आचरण न करे अधिकारीगण। श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य के बहुत सारे परीक्षा केंद्रों से यह सूचना आ रही है कि एक समुदाय विशेष की बच्चियां बुर्के में परीक्षा देने जा रही है। जिससे परीक्षार्थियों के सही पहचान को लेकर समस्या आ रही है और परीक्षा में कदाचार हो रहा है। बताया कि ऐसी भी खबरें आ रही है कि किसी परीक्षा केंद्राधीक्षक द्वारा जब बच्चियों से उसके चेहरे से बुर्का हटाने को कहा जाता है तो हंगामा हो रहा है। समुदाय विशेष के नाम से बनी कुछ संस्थाएं और लोग परीक्षाओं में बुर्का पहन के जाने को समर्थन दे रहे हैं। वे लोग केंद्राधीक्षक और पदाधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं। बताया खबर यह भी आ रही है कि झारखंड परीक्षा अधिनियम का पालन कर रहे कर्तव्यनिष्ठ केंद्राधीक्षकों और शिक्षकों के खिलाफ साज़िश रची जा रही है। ऐसे केंद्राधीक्षकों को परीक्षा केंद्रों से हटाया जा रहा है ताकि एक समुदाय विशेष के द्वारा बुर्के और हिजाब की आड़ में परीक्षा में कदाचार किया जा सके ।श्री चौरसिया ने बताया कि ताजा मामला गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड का है। यहां अवस्थित जेपीके कॉलेज भंडारों के केंद्राधीक्षक मिथलेश कुमार मिश्रा को इसलिए केंद्राधीक्षक से हटा दिया गया चूंकि वे परीक्षार्थियों का उसके एडमिट कार्ड से मिलान चाहते थे। श्री चौरसिया ने कहा कि बगैर किसी जांच के केंद्राधीक्षक को हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि इस पूरे घटनाक्रम में उक्त परीक्षा केंद्र के दो विक्षक सज्जाद अंसारी और मो. असगर अंसारी के द्वारा घिनौना साज़िश रचने की बात सामने आई है। श्री चौरसिया ने बताया कि खोरीमहुआ एसडीएम के द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम जिसमें जमुआ बीडीओ, जमुआ बीईईओ और जमुआ पंचायतीराज पदाधिकारी ने अपने रिपोर्ट में यह कहा है कि जेपीके कॉलेज भंडारों में केंद्राधीक्षक मिथलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यहां परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित है। केंद्राधीक्षक के निर्देश पर परीक्षा देने आए सभी परीक्षार्थियों की पहचान कर हीं परीक्षा कक्षों में प्रवेश दी जा रही थी। तीन सदस्यीय रिपोर्ट में यह कहा गया है कि परीक्षा केंद्र में अपनी सेवा दे रहे दो विक्षक सज्जाद अंसारी और मो. असगर अंसारी ने साजिशन बच्चियों को बुर्का न हटाने को लेकर उकसाया बल्कि वो गलत तरीके से परीक्षा केंद्र में साथ लाए अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर उसे वायरल भी किया। श्री चौरसिया ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि एडमिट कार्ड से परीक्षार्थियों के मिलान को लेकर किसी भी परीक्षार्थी या उनके अभिभावक से कोई शिकायत नहीं मिली है। श्री चौरसिया ने बताया कि खोरीमहुआ एसडीएम को समर्पित रिपोर्ट के अंत में टीम द्वारा उक्त दोनों साजिशकर्ता विक्षकों पर करवाई की भी अनुशंसा की गई है।श्री चौरसिया ने कहा कि लेकिन आश्चर्य है कि दोषि और साजिशकर्ता विक्षको पर कोई करवाई नहीं की गई बल्कि अपने कर्तव्यों का झारखंड परीक्षा अधिनियम के तहत पालन कर रहे केंद्राधीक्षक को हीं हटा दिया गया जो कि बहुत हीं दुर्भाग्यपूर्ण करवाई है। इस करवाई से ईमानदारीपूर्वक अपनी सेवा दे रहे ।